आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 30.09.2024 समय : 01:00 पी.एम.

000000

केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल ने आज नई दिल्ली में सबकी योजना सबका विकास के नाम से प्रसिद्ध जन योजना अभियानों पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्‍घाटन किया। कार्यशाला का उद्देश्य अधिकारियों, निर्वाचित प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों को उच्च गुणवत्ता वाली और प्रभावी पंचायत विकास योजनाओं की तैयारी के लिए आवश्यक कौशल से तैयार करना है। इस अवसर पर प्रो. सिंह ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए पंचायत विकास योजनाओं की तैयारी के लिए लोक योजना अभियान (2024–25) पर पुस्तिका का विमोचन किया। उन्होंने राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान की वार्षिक कार्य योजना रिपोर्ट भी जारी की। कार्यशाला में विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों, राज्य विभागों के प्रतिनिधि, प्रशिक्षण संस्थानों के संकाय सदस्य और पंचायत के विभिन्न स्तरों से निर्वाचित प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

00000

अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। अगले महीने 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में उन्हें ये सम्मान मिलेगा। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि कोलकाता की सड़कों से लेकर फिल्म जगत की ऊचांईयों तक, मिथुन दा की सिनेमाई यात्रा, पीढ़ियों को प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि दादा साहब फाल्के चयन जूरी ने भारतीय सिनेमा में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए श्री चक्रवर्ती को ये शीर्ष पुरस्कार देने का फैसला किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मिथुन चक्रवर्ती को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने मिथुन दा को एक सांस्कृतिक प्रतीक बताते हुए कहा कि अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए उन्हें सभी वर्ग के लोगों की प्रशंसा मिलती रही है।

00000

उतरी पश्चिमी रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ आज एक दिवसीय दौरे पर श्रीगंगानगर पहुंचे। उन्होंने 20 करोड़ रूपये की लागत से अमृत भारत स्टेशन के तहत हो रहे कार्यों और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। महाप्रबंधक ने स्टेशन पर बने ऑफिस कॉम्प्लेक्स का उद्‍घाटन किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने रेलवे के अधिकारियों की बैठक में श्रीगंगानगर स्टेशन पर आगामी 25 वर्षों में यात्रियों की सुविधा को लेकर होने वाले कार्यों पर चर्चा की। महाप्रबंधक ने बताया कि श्रीगंगानगर में प्रस्तावित दूसरे प्रवेश द्वार को लेकर टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जल्द ही इस पर काम भी शुरू हो जाएगा। स्टेशन निरीक्षण के बाद महाप्रबंधक बनवाली पहुंचे। बनवाली में उन्होंने नए माल गोदाम का निरीक्षण किया।

00000

सीईटी (सीनियर सैकंडरी स्तर) कॉमन पात्रता परीक्षा 22 अक्टूबर से शुरू होगी। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके अनुसार परीक्षा कुल छह चरणों में ली जाएगी। तीन दिन चलने वाली इस परीक्षा में हर दिन दो–दो चरणों में पेपर होंगे। पहला चरण सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरा चरण दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक आयोजित होगा।

00000

जयपुर के अल्बर्ट हॉल और रामनिवास बाग में चूहों की बढ़ती संख्या को रोकने के लिए आज से दो दिन का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान आज और कल रामनिवास बाग में आमजन का प्रवेश बंद रहेगा। जेडीए सचिव निशांत जैन ने बताया कि अल्बर्ट हॉल के सामने पक्षियों को दाना डालने और बाग परिसर में स्थित मंदिर तथा मजार के आस–पास श्रद्धालुओं द्वारा खाने पीने की चीजें फेंकने से इस क्षेत्र में

चूहों की संख्या बढ गई है। इससे रामनिवास बाग में स्थित इमारतों और पेड़–पौधों को नुकसान पहुंचने के साथ ही संक्रमण और महामारी फैलने का खतरा बढ़ गया है।

00000

विश्व जूनियर वुशु चैंपियनशिप में ब्रुनेई के बंदर सेरी बेगावन में भारतीय टीम ने दो स्वर्ण सहित सात पदक जीते हैं। भारत ने प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक हांसिल किये। भारत के आर्यन ने 48 किलोग्राम भार वर्ग मुकाबले में चीन के खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

वहीं 48 किग्रा भार वर्ग में ही भारत के शौर्य ने ईरान के प्रतिद्वंद्वी को हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस टूर्नामेंट में 24 सदस्यीय भारतीय टीम ने हिस्सा लिया था।

00000